भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1994

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 का विकास कार्य

1994. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के विकास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक खंड में कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) सभी खंडों में विकास कार्यों के पूरा होने का अपेक्षित समय कितना है; और

(घ) सरकार द्वारा संरचनात्मक क्षय को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-66 में निर्माण संबंधी समस्याओं से बचने और निर्माण कार्यों के दौरान जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) जी, हाँ। विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न है।

(घ) सरकार ने कर्नाटक/केरल सीमा से तिरुवनंतपुरम तक एनएच-66 के साथ असुरक्षित ढलान और तटबंध सुरक्षा उपायों की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की है। विशेषज्ञ समिति के सुझावों को स्थल की स्थितियों के अनुसार सत्यापित किया जा रहा है और उपचारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। इस तरह के सभी कार्यों को संबंधित परियोजनाओं के पूरा होने के साथ पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

दोषी रियायतकर्ता/संविदाकार और परामर्शदाताओं के खिलाफ आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

इसके अलावा, आवश्यकता के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-66 पर संवेदनशील स्थानों पर तकनीकी और सुरक्षा लेखा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

अनुलग्नक

"केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 का विकास कार्य" के संबंध में एडवोकेट अदूर प्रकाश द्वारा पूछे गए दिनांक 11.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1994 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	**खंड का नाम**	**लंबाई (किमी में)**	**पूर्ण होने की निर्धारित संशोधित तिथि**	**वास्तविक प्रगति (%)**
1	एनएच-66 पर चेंगाला से नीलेश्वरम	37.27	31.06.2026	82.7
2	नीलेश्वरम से थलिप्परम्बा	40.11	31.06.2026	83.6
3	थलिप्परम्बा से मुझपिलंगाडु	29.95	30.06.2026	80
4	अझियुर से वेंगलम	40.8	31.08.2026	60
5	कोझिकोड बाईपास (कालीकट बाईपास) (यानी वेंगलम जंक्शन से रामनाट्टुकरा जंक्शन) के छह लेन निर्माण के लिए 4 मौजूदा 2 लेन वाले बड़े पुल के चौड़ीकरण का शेष कार्य	1.895	05.03.2026	48.5
6	थालास्सेरी माहे बाईपास के किमी 184.850 पर एक अंडरपास का निर्माण, स्ट्रीट लाइटिंग की आपूर्ति और स्थापना, सर्विस सड़कों का निर्माण और अन्य विविध कार्य	1.13	20.05.2026	14
7	कप्पिरिक्कड़-थलिकुलम	33.17	31.03.2026	83.1
8	थलिकुलम-कोडुंगल्लूर	28.84	31.03.2026	78.7
9	कोडुंगल्लूर - एडापल्ली	26.03	31.05.2026	64.9
10	अरूर से थुरवूर थेक्कू तक एलिवेटेड कॉरिडोर	12.75	30.06.2026	78.5

11	थुरवूर थेक्कू - परवूर	38.39	31.05.2026	62.2
12	परवूर से कोट्टुकुलंगरा	37.5	31.03.2026	71.2
13	कोट्टुकुलंगरा से कोल्लम बाईपास के शुरुआत तक	31.5	25.03.2026	72.8
14	कोल्लम बाईपास से कदम्बट्टुकोनम	31.25	31.03.2026	81.8
15	कदंबट्टुकोणम से कझाकुट्टम	29.83	30.05.2026	44.3
16	4 ब्लैकस्पॉट का सुधार	2.42	30.06.2026	24.1
कुल		422.835 किमी		

*****